कार्यशाला में दी सब्सिडी और ई-नाम योजना की जानकारी



भास्कर संवाददाता | बांसवाड़ा

कृषि आधारित प्रसंस्करण उद्योग लगाने पर मिलने वाली सब्सिडी और ई-नाम योजना की जानकारी देने कृषि उपज मंडी में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग,उदयपुर संजीव पंड्या ने मौजूद कृषि उद्यमियों और किसानों को कृषि आधारित प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए योजना के प्रावधानों, अनुदान पात्रता सहित आवेदन प्रक्रिया के अलावा इलेक्ट्रोनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार ई-नाम योजना की जानकारी दी। पंड्या ने कहा कि राज्य सरकार की योजना के तहत एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत बांसवाड़ा जिले में आमों की अधिक पैदावार होने के कारण आम का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि बांसवाड़ा जिले में फल,सब्जियों,फल,दूध उत्पादों के प्रसंस्करण की अधिक संभावनाएं हैं। योजना के तहत परियोजना की लागत का अधिकतम दस लाख रुपए या 35 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान का प्रावधान है। कार्यशाला में प्रबंधक फूडटेक कृषि विपणन बोर्ड श्रवण कुमार कुमावत,विजीटर ऑफिसर शिवसिंह भाटी,वरिष्ठ सहायक महेश्वर जोशी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान सोहनलाल चरपोटा, तेरसिंह पारगी, तोलाचंद, देवीलाल, कुसुम, व्यवसायी महेंद्र जैन, सुमतिलाल जैन, गौरव त्रिवेदी, मधुसूदन व्यास, अनिल कुमार, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

ीय
न्त्र
ने

बाबा लक्ष्मणदास का घोड़ा लेकर हरिदेव जोशी खांदू गांव बताने गए थे देश आजाद हो गया

मिलकर उनका घोड़ा
गांव